फिरोजपुर में पाकिस्तानी गुब्बारा

1432. **श्री शिव कुमार शास्त्री :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 22 जनवरी, 1968 को फिरोजपुर में पंडित कालोनी में पाकिस्तान का एक गैस गुब्बारा उतरा था ;

(ख) क्या यह सच है कि इस गैस गुब्बारे पर पाकिस्तान जिन्दाबाद आदि नारे अंकित थे ;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में सरकार ने कोई जांच की है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख). 21 जनवरी, 1968 की शाम को फीरोजपुर में गैस से भरा हुआ एक गुब्बारा उतरा था जिसमें पाकिस्तान जिन्दाबाद' आदि शब्द लिखे हुये थे ।

(ग) और (घ). भारत सरकार द्वारा की गई पूछताछ से पता चला है कि यह 'गुब्बारा हवा के रुख के कारण हमारे इलाके में चला आया था ।

Bihar Plan

1433. SHRI DEIVEEKAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government had informed the Bihar Government to prune the State's plan for 1968-69 from Rs. 75 crores to Rs. 52 crores;

(b) if so, whether it is a fact that the Centre has stated that it will be able to give only Rs. 48 crores or its share of the States Plan;

(c) if so, whether it is also a fact that the Bihar Government have demanded to keep the plan size unchanged; and

(d) if so, whether they have approached Government to increase the quantum of Central assistance on the basis of population?

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) Discussions between the Planning Commission and the State Chief Minister on the finalisation of the State's Annual Plan for 1968-69, have yet to take place.

(b) to (d). Do not arise at this stage.

लेफ्टीनेंट जनरल कौल द्वारा लिखित 'अनटोल्ड स्टोरी' नामक पुस्तक

1434. **श्री रा० स्व० विद्यार्थी :**
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री कंवर लाल गुप्त :
श्री गार्डिलिगन गौड़ :

क्या रक्षा मंत्री 13 नवम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 31 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि 'अनटोल्ड स्टोरी' नामक पुस्तक लिखने के लिये लेफ्टीनेंट जनरल कौल के विरुद्ध सरकार द्वारा कोई कार्यावाही न किये जाने के क्या कारण हैं, यद्यपि विधि मंत्रालय ने ऐसा करने की सिफारिश की थी ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : विधि मंत्रालय ने परामर्श के साथ इस पुस्तक की जांच करने पर मालूम हुआ, कि इस पुस्तक में कुछ ऐसी सूचना प्रगट की गई है, जो वर्गीकृत किस्म की है । फिर भी, 1962 के बाद से हमारे संक्रियात्मक आयोजना, युद्ध के तरीकों, लाजिस्टिकल